दैनिक प्रातः कालीन भारत सरकार से रजिस्टर्ड हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 121 मुरादाबाद, 21 August 2023 (Monday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे:-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999/- में
न्यूज़ पेपर डिज़ाइन कराये कम दम में

## दिल्ली-NCR में बनी रहेगी बादलों की आवाजाही, उत्तराखंड पर भारी पड़ रहा मानसून

हिमाचल प्रदेश को भारी वर्षा से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन तक प्रदेश में भारी वर्षा की संभावना जताई है। उत्तराखंड में मानसून भारी गुजर रहा है। अतिवृष्टि व भूस्खलन से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होने के साथ जानमाल की व्यापक क्षति उठानी पड़ रही है। बिहार के कई जिलों में भारी वर्षा की संभावना है।बारिश ने हिमाचल और उत्तराखंड में बारिश और प्राकृतिक आपदा से भीषण तबाही मची है। मानसून उत्तराखंड पर भारी पड़ रहा है। हिमाचल प्रदेश के लोगों को फिलहाल बारिश से राहत मिलती नहीं दिख रही है। यहां बाढ़ आने की चेतावनी भी जारी की गई है।दिल्ली-NCR में बारिश ने गर्मी से दिलाई राहत- शनिवार तड़के राजधानी दिल्ली और NCR में तेज बारिश से लोगों को गर्मी से निजात मिली। गुरुग्राम में भी बारिश हुई। यहां बारिश के बाद जाम लग के हालात बन गए। मौसम विभाग का अनुमान है कि दिल्ली-एनसीआर में अगले कुछ दिनों तक बादलों की आवाजाही बनी रहेगी, जिससे हल्की बारिश हो सकती है। हिमाचल का मौसम-हिमाचल प्रदेश को भारी वर्षा से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन तक प्रदेश में भारी वर्षा की संभावना जताई है। नदी-नालों में उफान की आशंका है। मौसम विभाग ने शनिवार को जारी पूर्वानुमान में 22 अगस्त तक चंबा, किन्नौर और लाहुल स्पीति को छोड़ नौ जिलों में आंधी और भारी वर्षा का आरेंज अलर्ट जारी किया है। कई स्थानों पर बाढ़ आने की चेतावनी भी जारी की गई है।उत्तराखंड पर भारी पड़ रहा मानसून-उत्तराखंड में मानसून भारी गुजर रहा है। अतिवृष्टि व भूस्खलन से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होने के साथ जानमाल की व्यापक क्षति उठानी पड़ रही है। प्रारंभिक आकलन में 15 जून से अब तक आपदा से एक हजार करोड़ रुपये की क्षति का अनुमान है। इसमें भी मानसून ने सड़कों को सर्वाधिक जख्म दिए हैं। राज्य व राष्ट्रीय राजमार्गों समेत सभी तरह की सड़कों एवं पुलों को हुई क्षति 536 करोड़ रुपये आंकी गई है।

## जनता दरबार: सीएम योगी का निर्देश, जमीन पर कब्जा करने वालों को किसी सूरत में न बख्शें



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में स्थित अपने सरकारी आवास पर लोगों की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित निस्तारण के लिए अफसरों को निर्देश दिया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया है। रविवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने आमजन से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 190 फरियादियों की उपस्थिति रही, मुख्यमंत्री ने एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं।उन्होंने हर किसी को आश्वस्त किया कि सबकी समस्या का निस्तारण कराना उनकी प्रतिबद्धता है। प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने आमजन को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। किसी की जमीन पर कब्जा करने वाले, कमजोरों को परेशान करने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं।

उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी एस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण कराकर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

## कांग्रेस की वर्किंग कमेटी का एलान, कन्हैया कुमार और सचिन पायलट जैसे युवा नेताओं को मिली अहम जिम्मेदारी

खरगे के अलावा सोनिया गांधी, मनमोहन सिंह, राहुल गांधी, अधीर रंजन चौधरी, एके एंटनी, अंबिका सोनी, मीरा कुमार, दिग्विजय सिंह, पी चिदंबरम जैसे वरिष्ठ नेताओं को जगह दी गई है। कांग्रेस ने अपनी वर्किंग कमेटी का एलान कर दिया है।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कांग्रेस वर्किंग कमेटी का गठन किया है, जिसमें खरगे के अलावा सोनिया गांधी, मनमोहन सिंह, राहुल गांधी, अधीर रंजन चौधरी, एके एंटनी, अंबिका सोनी, मीरा कुमार, दिग्विजय सिंह, पी चिदंबरम जैसे वरिष्ठ नेताओं को जगह दी गई है।

### इन नेताओं को मिली जगह

कांग्रेस वर्किंग कमेटी में तारिक अनवर, मुकुल वासनिक के अलावा जी-23 गुट के आनंद शर्मा, शशि थरूर और मनीष तिवारी को भी जगह दी गई है। इनके अलावा अजय माकन, अशोकराव चव्हाण, प्रियंका गांधी, कुमारी शैलजा, ताम्रध्वज साहू, अभिषेक मनु सिंघवी, सलमान खुर्शीद, जयराम रमेश, जितेंद्र सिंह, रणदीप सुरजेवाला, सचिन पायलट को भी जगह दी गई है। स्थायी आमंत्रित सदस्यों में वीरप्पा मोइली, हरीश रावत, पवन कुमार बंसल, मोहन प्रकाश, रमेश चेनिन्नथाला, बीके हरिप्रसाद, प्रतिभा सिंह, मनीष तिवारी, दीपेंद्र हुड्डा, के राजू, मीनाक्षी नटराजन, सुदीप रॉय बर्मन समेत कई अन्य नेताओं को शामिल किया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे इससे पहले तक संचालित कमेटी के साथ काम कर रहे थे, जिसका गठन सोनिया गांधी ने किया था। अब जो कांग्रेस कार्य समिति का एलान किया गया है, उसमें




भी पूर्व की समिति के मुकाबले में ज्यादा बदलाव नहीं किए गए हैं। विशेष आमंत्रित सदस्यों में पल्लम राजू, पवन खेड़ा, गणेश गोदियाल, यशोमति ठाकुर, सुप्रिया श्रीनेत, परिणिति शिंदे, अलका लांबा आदि सदस्यों का नाम शामिल है।

### युवाओं को दी जिम्मेदारी

कांग्रेस द्वारा घोषित की गई कार्यसमिति में युवाओं और अनुभव का मिश्रण दिख रहा है। जहां पार्टी ने अनुभवी नेताओं को कार्य समिति में जगह दी है, वहीं कई युवा नेताओं को भी इसमें शामिल किया गया है। जिन युवा नेताओं को कार्यसमिति में शामिल किया गया है, उनमें सचिन पायलट, गौरव गोगोई, सुप्रिया श्रीनेत, कन्हैया कुमार, दीपेंद्र हुड्डा, मीनाक्षी नटराजन, परनीती शिंदे, सचिन राव, अलका लांबा, वामसी रेड्डी जैसे नेताओं का नाम शामिल है। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने उन्हें कांग्रेस कार्य समिति में शामिल करने के लिए पार्टी नेतृत्व को धन्यवाद दिया है। शशि थरूर ने कहा कि जो असंख्य भारतीय देश को समावेशी बनाना चाहते हैं, वह हमसे बेहतर की उम्मीद करते हैं। शशि थरूर ने कहा कि इतिहास में कांग्रेस की कार्यसमिति ने बीते 138 सालों से पार्टी का नेतृत्व किया है। मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं क्योंकि मुझे भी इसका हिस्सा बनाया गया है।

## अखिलेश यादव ने रजनीकांत से मिलकर खोले दिल के राज, अभिनेता ने सपा संस्थापक मुलायम को किया नमन

फिल्म अभिनेता रजनीकांत यूपी के दौरे पर हैं। जहां उन्होंने प्रदेश के राजनेताओं से मुलाकात की और अपनी फिल्म जेलर भी देखी। रविवार को सुबह रजनीकांत सपा अध्यक्ष अखिलेश



यादव से मिले और उन्हें अपना पुराना दोस्त बताया। रजनीकांत ने कहा कि मेरी अखिलेश यादव से नौ साल पहले मुंबई में एक कार्यक्रम में मुलाकात हुई थी उसी दिन से हम दोस्त हैं, हमारी फोन पर भी बात होती है। पांच साल पहले जब मैं यहां एक शूट के लिए आया था लेकिन मेरी उनसे मुलाकात नहीं हो पाई थी, अब वह यहां हैं तो मेरी उनसे मुलाकात हुई।अखिलेश यादव ने भी उनसे मुलाकात पर ट्वीट कर कहा कि जब दिल मिलते हैं तो लोग गले मिलते हैं। मैसूर में इंजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान पर्दे पर रजनीकांत जी को देखकर जितनी खुशी होती थी वो आज भी बरकरार है। हम 9 साल पहले व्यक्तिगत रूप से मिले और तब से दोस्ती हैरजनीकांत ने अखिलेश यादव के साथ कुछ समय गुजारा और फिर अयोध्या के लिए रवाना हो गए। रजनीकांत ने शनिवार की शाम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान रजनीकांत भावुक हो गए। उन्होंने मुख्यमंत्री को एक संत मानते हुए उनके चरण छुए। हालांकि मुख्यमंत्री उन्हें ऐसा करने से रोकते हुए दिखे।रजनीकांत ने सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की तस्वीर को नमन किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।रजनीकांत की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की ये तस्वीर सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई थी। इसमें रजनीकांत सीएम योगी के चरण स्पर्श करते हुए नजर आ रहे हैं।

## पिता राजीव गांधी को याद कर भावुक हुईं प्रियंका, सोशल मीडिया पर शेयर किया वीडियो; लिखा- जीना इसी का नाम है

आज राजीव गांधी की 79वीं जयंती पर सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी समेत कई लोगों ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।इस मौके पर प्रियंका अपने पिता को याद करते हुए भावुक हो गईं और उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए राज कपुर की फिल्म का गाना जीना इसी का नाम है शेयर किया है।कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को अपने पिता और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी 79वीं जयंती पर याद किया। इस मौके पर प्रियंका ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी शेयर किया है।प्रियंका ने शेयर किया पोस्ट-सोशल मीडिया एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक वीडियो शेयर करते हुए राज कपूर की फिल्म अनाड़ी का एक गाना किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार अपने पिता को समर्पित किया। कांग्रेस नेता ने गाने के बोल शेयर करते हुए लिखा, ये पंक्तियां मुझे



हमेशा आपकी याद दिलाती हैं और आज जब भी मैं यह गाना सुनती हूं, तो मेरी आंखों में आंसू आ जाते हैं। वीर भूमि में अर्पित की श्रद्धांजलि-इससे पहले दिन में, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और रॉबर्ट वाड्रा ने आज दिल्ली में वीर भूमि पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### पीएम मोदी ने किया पोस्ट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 79वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी को उनकी जयंती पर मेरी श्रद्धांजलि।

### 1991 में हुई थी हत्या

राजीव गांधी भारत के सबसे युवा प्रधानमंत्री थे और 1984-89 तक पद पर रहे। मई 1991 में तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदूर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान श्रीलंका के अलगाववादी संगठन लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (LTTE) द्वारा उनकी हत्या कर दी गई थी।

### राहुल गांधी को याद आई पिता बात

इस बीच, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, जो इस समय लद्दाख में हैं, उन्होंने भी रविवार की सुबह बादलों से घिरी पैंगोंग त्सो झील के किनारे अपने पिता को पुष्पांजलि अर्पित की। पूर्व पीएम की एक फ्रेम वाली तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद मीडिया से बात करते हुए, राहुल ने अपने पिता के साथ हुई बातचीत को याद किया, जिसमें राजीव गांधी ने उन्हें बताया था कि पैंगोंग त्सो पृथ्वी पर सबसे खूबसूरत जगह है।

### भारत जोड़ो यात्रा के दौरान ही आना था

राहुल गांधी ने कहा, मुझे याद है, जब मैं छोटा था, मेरे पिता एक बार पैंगोंग त्सो की यात्रा से लौटे और मुझे झील की कुछ तस्वीरें दिखाईं। उन्होंने मुझे बताया कि यह पृथ्वी पर सबसे खूबसूरत जगह है। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान, मेरा लद्दाख आने का कार्यक्रम था, लेकिन कुछ तार्किक कारणों से यात्रा स्थगित करनी पड़ी। इसलिए मैंने बाद में यात्रा करने और यहां लंबे समय तक रहने के बारे में सोचा। मैं नुब्रा घाटी और कारगिल का भी दौरा करूंगा।

### आपका निशान ही मेरा रास्ता

अपनी यात्रा के दौरान राहुल के साथ जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विकास रसूल वानी और पार्टी के कई अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी थे। इससे पहले, राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में लिखा था, 卐पापा, भारत के लिए आपने जो सपने देखे थे, वे इन अनमोल यादों में दिखाए गए हैं। आपके निशान मेरा रास्ता हैं - हर हिंदुस्तानी के संघर्षों और सपनों को समझ रहा हूं, भारत मां की आवाज़ सुन रहा हूं।

## संपादकीय Editorial

### Disbelief in 'India'!

Fissures and mistrust are starting to emerge in the opposition alliance 'India'. In view of the current politics of the country, this alliance is very important and relevant, so its analysis is also mandatory if any rift emerges. It has been the fate of political alliances in India that they are formed because they have to be broken. They break because they have to be made again. There is no 'permanent sense' of political alliance. Sharad Pawar has been the Defense and Agriculture Minister of the country. He has also been the Leader of the Opposition in the Lok Sabha. There was a time that his name used to be discussed for the post of President and Prime Minister as well. It is a matter of fact that his party is so small that he could never reach these posts and was not possible. Even if he joins the BJP, it can be considered, but he can never become the Prime Minister of the country. Such a veteran and experienced leader is being questioned by those leaders of Shiv Sena (Uddhav) and Congress, who belong to the novice community and who have not contributed even an iota in weaving the threads of the opposition alliance. In Delhi, Congress national spokesperson Alka Lamba publicly briefed the media that the Congress leadership has given instructions for election preparations on all the seven Lok Sabha seats in Delhi, indicating that the party will field its candidates on all the seats. This was decided by Congress President Mallikarjun Kharge, former President Rahul Gandhi and regional leaders of Delhi in a meeting. The strong reaction was natural, with Delhi government minister Saurabh Bhardwaj and Aam Aadmi Party (AAP) chief spokesperson Priyanka Kakkar questioning the rationale of the alliance. It also said that what is the meaning of attending the Mumbai meeting of 'India'? However, he left the final decision to Chief Minister Kejriwal. On the other hand, there are encroachments within Maharashtra. There Deputy Chief Minister Ajit Pawar and veteran leader Sharad Pawar met at the residence of an industrialist in Pune. Earlier also two-three meetings had taken place. Sharad Pawar is the immediate uncle of the Deputy Chief Minister and is a father figure in the Pawar family, so such meetings are natural. These meetings took place after the rebellion and split in the NCP. In view of these meetings, Uddhav Thackeray's party mouthpiece 'Saamana' even wrote an editorial that Sharad Pawar is creating confusion. Former Congress Chief Minister Prithviraj Chavan opened the box of possibilities that Sharad Pawar can go to BJP-NDA through Ajit. He has been offered the post of Union Agriculture Minister or Vice Chairman of NITI Aayog. Sharad's MP-daughter Supriya Sule can also be made a Union minister. Though Sharad and Supriya have refuted the rumors of the offer and reiterated their resolve to wage a "political struggle" against the BJP terming it as a "communal and divisive" party, Sharad Pawar remains questionable. In fact, after the split in the party, Sharad Pawar's power has also been divided. The matter of the name and symbol of his party is under the consideration of the Election Commission, but the leaders whose efforts have brought the 'India' alliance into existence include Sharad Pawar. He is more or less considered the 'old Chanakya' of Maharashtra politics. How can any opposition coalition stay together if questions and doubts keep cropping up, of confusion and change? As far as 'AAP' is concerned, its rise has happened with the politics of snatching Congress's base. The alliance of 'AAP' and Congress at any level is 'unnatural'. Mutual mistrust of 'India' has started emerging in Bengal and Tamil Nadu as well. However, wait for the Mumbai meeting.

# Indecent language on social media, where are the children going...

There is no doubt that computers have made us very modern. We are also moving forward a lot but the latest version of computer i.e. mobile has badly affected the mental growth of our new generation especially children. There is no doubt that computer has made us very modern. . We are also moving forward a lot but the latest version of computer i.e. mobile has badly affected the mental growth of our new generation especially children. It is a matter of deep concern that what will be the future of our new generation especially children due to social media? As far as foreign countries are concerned, European countries are certainly worried about social media, its morality and the future of the new generation, but children of India, who are just eight years old, have learned their language from social media. This is very surprising. A school teacher talked about calling the parents immediately in the daily diary of an eight-year-old girl. The parents read the diary and reached the teacher. An eight-year-old girl was asking the teacher, what is a sexy dress, I will become an item and what is a commodity? These were the words that the child used to ask the teacher. The parents were surprised to hear these words from the teacher's mouth. After this, the teacher explained to the parents that keeping the children away from the mobile is a good thing. The child had learned these three abusive words from social media only. Gone are the days of getting up and sitting together and imparting values to the children. Don't know what children read from WhatsApp, where and where they forward it. Recently, in a medical journal, it was mentioned in a medical journal that the mentality of children up to eight years old who use mobiles is changing very rapidly. In today's era, children are learning everything from mobile and social media. Children are also learning the same thing by watching the language and behavior of smartphones, TV and various cartoon films. It is important that parents become aware. By screen I mean smartness does not come from watching mobile, laptop, smartphone or smart TV. Many children are using abusive words in English. The content of the videos and mobile news they are watching is so indecent that children are learning the same. We don't want to harm even an iota of mobile or social media, but seeing what is happening on it, we not only have to be careful ourselves but also the children. It seems that children between the age of three to ten years have become addicted to mobiles. This has been declared by the science experts of America. Weapons are made from the same iron, vegetables and yarn are cut with the same iron. The method of use varies. I personally request the government that some regulation will have to be made regarding the video content used in social media and the language of the dialogues being written. By the way, every good thing has two sides, but in the past, due to the addiction of children towards mobile, even murders have taken place. A child had stabbed his mother to death because she refused to let him play PUBG. A small child also killed his sister because of this. There are not one but dozens of such reasons which are emerging as headlines. In a country like India, where auspicious rituals like Ram-Ram, Namaste, Shatshree Akal were popular, now the way parents and children behave with their parents on mobiles, which use Tapori language. What is being done in their midst cannot be tolerated on the screen but good manners cannot be expected when children will see and hear it. There are very few families where the rituals are being preserved. We are losing everything in the pursuit of more facilities and being more modern. Especially it has become very important to explain and tell how to give new sanskars to the new generation. Many times I listen to debates, then experts are telling that we cannot live without mobile, it is not easy to control small children, but we believe that if everything continues like this, then where will the new generation go? Slowly the couplets, couplets, verses and beautiful songs are ending. In their place, jokes in vulgar language and other vulgar videos are becoming very viral. Children are growing up seeing this. This is a time of warning. The moon on which we are stepping today was compared to our maternal uncle in our times and hundreds of songs have been written on it. Chanda Mama Se Pyaara Mera Mama... One important thing to say should be that if the ideological energy of the new generation is to be increased, then it has to move forward keeping in mind our values and the learnings of joint families, otherwise everything is in the wake of modernity. On the other side, there will be dominance of profanity and indecency. Something has to be done about this in due course of time.

---

# Peace is very important in Manipur

Violence in Manipur is not taking the name of stopping, which shows to what extent the animosity and enmity has increased between the two tribes 'Meitei and Kuki-Zomi' in the state. Violence in Manipur is not taking the name of stopping, which shows to what extent the animosity and enmity has increased between the two tribes 'Meitei and Kuki-Zomi' in the state. Last night three people of Kuki community were killed in a village which was still peaceful during last three months of violence and was away from Kuki and Meitei dominated districts. These three people were guarding the security of their village. But the 'immediate conclusion' that can be drawn from this latest violence is that despite the presence of heavy police force and security forces in the state, group violence is not stopping and people from two communities of the same state are fighting each other. They have become enemies of other's life. Therefore, there is a dire need for the administration to take such steps so that an atmosphere of peace and tranquility can be established in the state. One suggestion in this regard is that the Indian Army should be entrusted with the responsibility of establishing peace in the state by giving it full authority. It is a well-known fact that Indian forces are famous for playing their role in a very effective manner by joining the efforts of the League of Nations to establish peace in areas affected by uncontrollable class violence abroad. Along with this, whenever the situation becomes uncontrollable in the internal areas of India, the army is used and its brave soldiers protect our citizens without any discrimination. If the situation in Manipur is such that the police here are registering police reports against the 'Assam Rifles', then any informed citizen can easily guess the seriousness and horror of the situation. In the same state, if police and security forces are also identified on the basis of class, then how can the gap between the two classes be bridged? The North Eastern hill states are called Zenith of Mother India. Our political forefathers worked hard to keep these states a part of the Indian Union, especially Nagaland where insurgency was going on since the British rule. The brave soldiers of our army have made sacrifices to keep the state of Mizoram, which is adjacent to Manipur, a part of India. Otherwise, Laldenga, a one-time rebel leader of this state, used to sit in Karachi and dream of making it an independent country, and on his head Both Pakistan and China had a hand. There is no point in writing this history because since 1966, after Assam was theoretically divided into six states, the people of these states, with true heart and deed, consider themselves as much a part of India as other states and there citizen of. Remarkable presence of the people of these states can be seen in the areas ranging from the administrative system of India to the army and other civil services. Therefore, the question of Manipur is also of the unity of the whole of India. We have to end the caste violence of this state as soon as possible and the image of India's 'unity in diversity' has to be kept intact. The Kukis and Nagas are equally respected citizens of India as the Meiteis. We should not forget that India is the host of the G-20 summit and the events in Manipur can give a wrong impression of India to other countries of the world. If the shameful and inhuman incidents of Manipur are discussed in the European Parliament, the Parliament of Britain and other civilized countries, then India's honor comes under fire. We have to be careful that even in the economic world, the situation of violence in Manipur and Nuh can have adverse effects on India. If the world's prestigious economic rating agency 'Moody' says that India's growth rate will be very good, provided conditions of class violence like Manipur are not created in this country. It is a universal truth that any country can make economic progress only when there is mutual love and brotherhood among all the parts of its society. After all, development happens only with the participation of the people. If those people keep fighting with each other and consider each other as their enemies, then how will development happen? When even Moody's is accepting that growth in India's economy is not possible without social peace and harmony, then we have to take all possible measures to establish peace in Manipur. This question is above politics. Party-based politics has no meaning in maintaining national unity and peace. Anyway, it has been a tradition in India since independence that party politics is set aside to solve national problems because all the political parties of the country take the oath of patriotism only after expressing their allegiance to the Constitution of India. Are. Our political system has also gone mad with the principle of 'nation paramount'. Although all political parties have different ideas and ways to keep it supreme, but the goal is 'nation paramount' because the Constitution of India written by Babasaheb Ambedkar renders this goal.

# मुरादाबाद में बुखार का कहर- 180 बेड के जिला अस्पताल में सभी वार्ड फुल, एक बेड पर दो-दो मरीज हो रही भर्ती



मुरादाबाद-मुरादाबाद में वायरल बुखार और डेंगू के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। मरीजों के अचानक बढ़ने से जिला अस्पताल के सभी 180 बेड फुल हो गए हैं। कुछ वार्डों में तो एक बेड पर दो-दो मरीज भर्ती हैं। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि अब मरीज बढ़ने पर दूसरे वार्डों में भी शिफ्ट करने की तैयारी है। वायरल बुखार, डेंगू, डायरिया, काला पीलिया की बीमारी इस तरह बढ़ रही है

कि जिला अस्पताल के सभी 180 बेड फुल हो गए हैं। कुछ वार्डों में एक बेड पर दो-दो मरीज भर्ती हैं। अब मरीजों को ट्रामा सेंटर व प्राइवेट वार्ड में भर्ती किया जा रहा है। ओपीडी में हर दिन 1500 से ज्यादा मरीज मरीज पहुंच रहे हैं।इमरजेंसी में पहुंचने वालों का आंकड़ा भी 100 के पार दर्ज किया जा रहा है। बृहस्पतिवार रात से शुक्रवार शाम तक 106 मरीज इमरजेंसी से अस्पताल में भर्ती किए गए। गंभीर मरीजों को रेफर भी किया गया। भर्ती मरीजों में वायरल बुखार व डेंगू के लक्षणों के वाले सबसे ज्यादा हैं। इसके अलावा एक्सीडेंट के केस हैं, कुछ डायरिया व काला पीलिया के मरीज भर्ती हैं। चिंता का विषय यह है कि बच्चों में भी डेंगू फैलने लगा है। शुक्रवार को जिला अस्पताल में 24 बच्चे भर्ती रहे, इनमें से चार को डेंगू है। डॉक्टर ध्यान रखे रहे हैं कि बच्चों की प्लेटलेट्स ज्यादा न गिरें,

उन्हें फ्लूड व ओआरएस दिया जा रहा है। वहीं व्यस्क मरीजों में भी बुखार के बाद प्लेटलेट्स कम हो रही हैं। ठंड लगकर बार-बार बुखार आने से मरीजों के शरीर में कमजोरी हो रही है। ओपीडी में हर दिन ऐसे 150 से ज्यादा मरीज देखे जा रहे हैं। ज्यादा रोगी होने के बावजूद जिला अस्पताल से मरीजों को लौटाया नहीं जा रहा, उन्हें भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है। सात दिन में देखे गए 11,539 मरीज- जिला अस्पताल की ओपीडी में इन दिनों रिकॉर्ड मरीज पहुंच रहे हैं। पिछले एक सप्ताह में 11,539 मरीज देखे गए हैं। इनमें से करीब चार हजार मरीज सामान्य बुखार, डायरिया व वायरल के हैं। ओपीडी में मरीजों का आंकड़ा - 10 अगस्त 1666 11 अगस्त 1623 12 अगस्त 1069 4 अगस्त 1778 16 अगस्त 2014 17 अगस्त 1647 18 अगस्त 1735 इन चीजों का रखें ध्यान पीने के पानी की गुणवत्ता का ध्यान रखें फुल आस्तीन के कपड़े पहने रात में मच्छरदानी लगाकर सोएं बाहर का खाना खाने से बचें खूब पानी पीयें- जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या ज्यादा होने से बेड कम पड़ गए हैं। हम किसी मरीज को नहीं लौटा रहे हैं। महिला अस्पताल से एक से फ्लोर के 25 बेड मांगे गए हैं। संभवतः शनिवार से मरीज वहां भर्ती होने से शुरू हो जाएंगे। - डॉ. राजेंद्र कुमार, चिकित्सा अधीक्षक

# सुरक्षा गार्ड की गोली लगने से मौत, पास ही पड़ी थी लाइसेंसी बंदूक, हत्या या आत्महत्या में उलझी पुलिस




मुरादाबाद-मुरादाबाद की एक निर्यात फर्म में काम करने वाले गार्ड कुशलपाल का शव गांव के जंगल में मिला। शव के पास रही उनकी लाइसेंसी बंदूक भी मिली। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मैनाठेर थाना क्षेत्र के हाथीपुर चंदू के जंगल में सुरक्षा गार्ड कुशल पाल ( 60 ) का गोली लगा शव मिला। गांव में सुरक्षा गार्ड के आत्महत्या किए जाने की चर्चा है। हालांकि परिजन कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं। कुशल पाल मुरादाबाद की एक निर्यात फर्म में नौकरी कर रहे थे। शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे कुशल पाल अपने घर से अपनी लाइसेंसी बंदूक लेकर अपने खेत पर गए थे। कुछ देर बाद परिजनों को पता चला कि सुरक्षा गार्ड का लहूलुहान शव गांव से करीब पांच सौ मीटर जंगल में नहर की पुलिया के पास पड़ा है। सुरक्षा गार्ड की गर्दन में गोली लगी थी। पास में ही बंदूक पड़ी थी। मैनाठेर कोतवाल मनोज कुमार ने बताया कि जांच में पता चला है कि सुरक्षागार्ड को पत्नी नशा करने से रोकती थी, इसी बात को लेकर मनमुटाव रहता था। इसी बात को लेकर उसने अपनी लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर आत्महत्या की है। सुरक्षागार्ड कुशल पाल व्यवहार के घनी थे। उनके आकस्मिक निधन से हर ग्रामीण सकते में है। परिवार में उनकी पत्नी गुड्डो देवी और दो बेटियां पुष्पा और मंजू है। उनके दोनों बेटियों की शादी हो चुकी है। बताते है कि ड्यूटी करने के बाद सुरक्षागार्ड अपने लाइसेंसी बंदूक को निर्यात फर्म में ही रख आते थे। वह दो दिन से ड्यूटी पर भी नहीं गए थे। बताते कि कुशल पाल शनिवार सुबह छह बजे निर्यात फर्म से अपने बंदूक लेकर आए थे और बाइक घर में खड़ी करने के बाद में बंदूक ले जंगल को चले गए थे। लाइसेंसी बंदूक ले जाते लोगों ने था टोका- जिस समय सुरक्षागार्ड कुशल पाल जंगल की ओर से जा रहे थे कुछ परेशान से नजर आ रहे थे। गांव के ही कुछ लोगों ने उनको टोका तो वह बोले थे कि जंगल में उल्लू मारने को जा रहा हूं। इतना सुनकर लोगों ने चुपी साध ली थी। कुछ देर बाद ही खबर फैली कि सुरक्षागार्ड का गोली लगा शव लहूलुहान हालत में नहर की पुलिया के पास पड़ा है।

# महिला ने चचेरे देवर पर छेड़खानी, सास-ससुर के खिलाफ दर्ज कराया मारपीट का केस

मुरादाबाद-एसपी देहात संदीप कुमार मीना ने बताया कि तहरीर के आधारपर विवेचना की जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। भगतपुर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने अपने चचेरे देवर पर छेड़खानी और सास ससुर, देवर देवरानी पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है। महिला ने दर्ज कराए केस में बताया कि 2015 में क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक के साथ उसकी शादी हुई थी।महिला पांच बच्चे हैं। उसका कहना है कि जुड़वा बच्चे पैदा होने के बाद पति ने उसे खर्च देना बंद कर दिया और दिल्ली में रहने लगा। पति के बाहर रहने के कारण चचेरा देवर उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। उसने अपनी सास-ससुर से देवर की शिकायत की तो उन्होंने भी उसे ही डांट फटकार कर चुप रहने को कहा। महिला का आरोप है कि एक अगस्त की सुबह नौ बजे देवर घर में आ गया और छेड़खानी करने लगा। महिला के शोर मचाने पर सास ससुर, देवर और देवरानी आ गए। आरोप है कि उन्होंने भी देवर का ही साथ दिया और मारपीट की। उधर, महिला ने जिस चचेरे देवर पर छेड़खानी करने का आरोप लगाया है। उसने सीओ ठाकुरद्वारा को एक शपथ पत्र दिया है। जिसमें बताया कि महिला ने जिस वक्त की घटना बताई है। उस समय वह किसी दूसरे गांव में अपने मित्र के घर मौजूद था। वहां की सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और मोबाइल लोकेशन चेक करा ली जाए। महिला का पति बाहर रहता है। महिला को घर से बाहर निकलने पर टोका तो वह रंजिश रखने लगी। उसने घरेलू विवाद में झूठा केस दर्ज कराया है। एसपी देहात संदीप कुमार मीना का कहना है कि विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बड़ा हादसा: रामगंगा में नहाने गए दो भाई समेत तीन बच्चे बहे, पुलिस और स्थानीय गोताखोर कर रहे तलाश



मुरादाबाद- रामगंगा नदी में नहाने गए तीन बच्चे बह गए। उनकी तलाश के लिए पुलिस समेत अन्य एजेंसियों ने रेस्क्यू अभियान चलाया है। मुरादाबाद के भूड़े के चौराहे निवासी गंगा राम के बेटे मनोज, दुर्गश और पड़ोसी के चंद्रपाल का बेटा रितिक रविवार को नहाने गए थे। अचानक रामगंगा नदी का पानी बढ़ने के दौरान वह बह गए। इसकी सूचना के बाद पुलिस और आसपास के गोताखोरों ने उसकी तलाश शुरू कर दी है। इससे पहले 19 अगस्त शनिवार को मुगलपुरा थाना क्षेत्र में रामगंगा नदी में नहाते समय एक किशोर डूब गया था। उसका शव दो किलोमीटर दूर मिला। कटघर थाना क्षेत्र के उड़पुरा निवासी मोहम्मद कादिर ( 17 ) शुक्रवार शाम करीब सात बजे दोस्त के साथ जामा मस्जिद पुल की ओर घूमने गया था। बताया जा रहा है कि इसी दौरान कादिर और उसका दोस्त रामगंगा नदी में नहाने के लिए उतर गए। दोनों दोस्त नदी के तेज बहाव में बहने लगे। कादिर का दोस्त किसी तरह बाहर निकल आए लेकिन कादिर तेज बहाव के साथ बहता चला गया। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से कादिर की तलाश की लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। शनिवार सुबह पुलिस ने दोबारा सर्च ऑपरेशन चलाया। शाम करीब सवा चार बजे कादिर का शव कटघर थाना क्षेत्र में रामगंगा रेलवे पुल के पास मिला। कादिर के पिता मोहम्मद ताहिर की कोरोना काल में मृत्यु हो गई थी। परिवार में मां शहनाज , बहन अल्दिया है।

# जीरो प्वाइंट पर सड़क हादसे में बुजुर्ग सिक्योरिटी गार्ड की मौत

मुरादाबाद- मूंढापांडे थाना क्षेत्र के दलपतपुर क्षेत्र में बुजुर्ग सिक्योरिटी गार्ड की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह ड्यूटी करके सुबह घर लौट रहे थे, तभी इनकी साइकिल को डीसीएम ने टक्कर मार दी। बुजुर्ग की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

जगतपुर रामराय निवासी मुंशी लाल ( 70 ) निजी कॉलेज में सिक्योरिटी गार्ड का काम करते हैं। परिवार में पत्नी विधियां और सात बच्चे हैं। पांच बच्चों की शादी हो चुकी है, जबकि दो बच्चों की अभी शादी होनी है। परिजनों ने बताया कि वह शनिवार सुबह करीब 6 बजे ड्यूटी से लौट रहे थे। तभी चौकी दलपतपुर क्षेत्र में जीरो प्वाइंट पर दिल्ली की ओर से आ रही डीसीएम ने इनकी साइकिल को टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे ग्रामिणों व पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाना चाहा। लेकिन, रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने अज्ञात चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# मोबाइल चोरी की वारदात पर आरोपी ने की मारपीट, चार नामजद पर केस

मुरादाबाद- कटघर थाना क्षेत्र में युवक ने मंदिर से पुजारी का मोबाइल फोन चोरी कर लिया। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। मंदिर सेवा समिति के कोषाध्यक्ष को विरोध करने पर आरोपी ने साथियों के साथ मिलकर पीटा। शिकायत पर पुलिस ने चार नामजद और 7 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। देहरी गांव निवासी गोविंद राम ने तहरीर में बताया कि वह हनुमान मूर्ति माता मंदिर सेवा समिति के कोषाध्यक्ष हैं। 17 अगस्त की शाम को परिसर से पंडित खिम्मानंद तिवारी का मोबाइल चोरी हो गया। सीसीटीवी कैमरा देखने पर स्पष्ट हुआ कि फोन देहरी गांव निवासी राधेश्याम ने चोरी किया है। कोषाध्यक्ष ने इसका विरोध किया। 18 अगस्त को आरती के समय आरोपी राधेश्याम अपने भाई रवि, विनय, रघुवीर और सात अन्य लोगों के साथ मंदिर में पहुंचा और कोषाध्यक्ष व सह बस्ती प्रमुख शिवम के साथ मारपीट की। इतना ही नहीं गोविंद को तमंचा तान कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

# 73 प्रसूताओं को पौष्टिक आहार की धनराशि का अभी भी इंतजार

## जननी सुरक्षा योजना : प्रसव के बाद तुरंत चेक देने की बजाय आवेदकों को करा रहे इंतजार, ग्रामीण प्रसूताओं को मिलता है 1400 रुपये, शहरी क्षेत्र में 1000 रुपये

मुरादाबाद-जननी सुरक्षा योजना की प्रसूताओं की दिक्कत का सिलसिला जारी है। प्रसव के दौरान अस्पतालों की समस्या से किसी तरह उबरीं तो अब योजना का चेक पाने के लिए अस्पतालों का चक्कर काटना पड़ रहा है। जबकि, यह चेक प्रसव के बाद डिस्चार्ज होने के दिन तुरंत मिलना चाहिए। आंकड़े बताते हैं कि जिला महिला अस्पताल में 73 महिलाओं को अभी तक चेक मिलने का इंतजार है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जननी सुरक्षा योजना में प्रसव के बाद पौष्टिक आहार के लिए ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को 1400 रुपये और शहरी क्षेत्र की महिलाओं को 1000 रुपये की धनाराशि मिलता है। लेकिन, इसके लिए भी उन्हें चक्कर काटने की मजबूरी है। अप्रैल में किसी को योजना की धनराशि बजट न मिलने के चलते नहीं मिली। लाभ मिला। मगर अभी भी 73 महिलाओं को चेक का इंतजार है। अप्रैल में चेक के लिए 140 आवेदन मिले। लेकिन, किसी को धनराशि नहीं मिल सकी। मई में सामान्य प्रसव से बच्चे को जन्म देने वाली महिलाओं में से 82 ने चेक के लिए फार्म भरा और आपरेशन से 58 की डिलीवरी हुई। 140 आवेदन में से किसी को मदद की धनराशि नहीं मिली। सर्वाधिक 238 फार्म मई में आए। जिसमें सामान्य प्रसव की 97, आपरेशन से 69 प्रसव हुए थे। जून में 224 और जुलाई में 230 को योजना के तहत धनराशि का भुगतान किया गया। जेएसवाई अनुभाग के लिपिक गगन का कहना है कि बजट रहने पर किसी का भुगतान रुकता नहीं है। योजना के तहत जो धनराशि मिलती है, वह प्रसव के बाद पौष्टिक आहार के सेवन के लिए दी जाती है। फिलहाल 73 महिलाओं को अभी चेक का इंतजार है। महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ.निर्मला पाठक का कहना है कि बजट होने पर सभी को समय से योजना की धनराशि का चेक मिल जाता है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर आयोजक किरण सेवा संस्थान रीवा डॉ अभय मिश्रा

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी




रीवा निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया आयोजक किरण सेवा संस्थान रीवा डॉ अभय मिश्रा जी के द्वारा जहां पर फ्री मेडिकल चेक अप में बी पी फुल बॉडी ब्लड चेक अप एवं फ्री दवाई वितरण एवं फ्री भोजन प्रसाद की व्यवस्था आपको बताते चलें कि स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए लोग दूर-दराज इलाके से भी रीवा पहुंच रहे हैं जिसमें सीधी से शहडोल से कुछ लोग रीवा जिले के दूर दराज ग्रामीण इलाके से पहुंच रहे हैं और भारी मात्रा में मेडिकल का स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं डॉक्टर अभय मिश्रा एवं डॉक्टर रुपा तिवारी से खास बातचीत के दौरान मीडिया को बताया कि हम लोग इस तरह का कार्य करते आए हैं

और हमेशा करते रहेंगे आज के स्वास्थ्य लाभ में लगभग 300 के आसपास मरीजों को देखा गया है और फ्री सुविधा दी गई है अन्य लाभार्थी द्वारा शिविर में स्वास्थ्य लाभ लेने आए हुए अलग-अलग लाभार्थियों का आम जनमानस के लिए संदेश की होम्योपैथिक दवाई का भी प्रचार प्रसार किया जाए जिसका साइड इफेक्ट नहीं होता है

## विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर हुआ गोष्ठी का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी




झाँसी। विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर स्टेशन रोड स्थित मसाला आर्ट रेस्टोरेंट एंड कैफे में बुंदेलखंड फोटोग्राफी एसोसिएशन द्वारा गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झांसी के प्रतिष्ठित समाजसेवी संघर्ष सेवा समिति अध्यक्ष डॉश संदीप सरावगी, भिलाई छत्तीसगढ़ से उपस्थित हुए वरिष्ठ फोटोग्राफर एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। स्वागत पश्चात एसोसिएशन के फोटोग्राफरों ने क्रम से अपने-अपने विचार व्यक्त किया। वास्तव में फोटोग्राफी एक ऐसा विषय है जिसके बिना सब कुछ अधूरा है आज समुद्र से लेकर आसमान तक जो भी तस्वीर ली जाती हैं वह फोटोग्राफी के द्वारा संभव है अभी हाल ही में चंद्रयान- 3 चंद्रमा के कक्ष में प्रवेश कर चुका है वह हमारे इसरो के वैज्ञानिकों को हर पल की महत्वपूर्ण तस्वीरें भेज रहा है वह भी फोटोग्राफी में श्रेणी में आता है आज सोशल मीडिया और न्यूज़, सीरियल, वेब सीरीज आदि प्रोग्राम जो हम देखते हैं वह सब फोटोग्राफी की देन है इस अवसर डॉश संदीप सरावगी ने कहा कि वैसे तो फोटो हर किसी के लिए खास होती हैं क्योंकि ये उनके जीवन से जुड़े बीते पलों को वापस जीने का मौका देती हैं. लेकिन विश्व के इतिहास में भी फोटो की अहमियत को समझना भी जरूरी है. क्योंकि तस्वीरों के जरिये ही वर्तमान में ये जाना जाता रहा है कि इतिहास के पन्नों में क्या दर्ज है, इतिहास से लेकर आज तक की तस्वीरों को कैद करने वाले फोटोग्राफर्स को मेरा प्रणाम। अगर जीवन में आप सभी मैं किसी काम आ सकूं तो ये मेरा सौभाग्य होगा। भिलाई छत्तीसगढ़ से उपस्थित हुए फोटोग्राफर पी.एल. सोनी उनको लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। उभरते हुए युवा पीढ़ी के फोटोग्राफर धीरज श्रीवास्तव, कुलदीप अवस्थी ,विशाल भाई ,प्रशांत खटीक, अभिनव सिंह ,विशाल, शेखर, आदित्य घोष, टिंकू वर्मा इनको भी अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। संचालन संगठन के संस्थापक अशोक अग्रवाल ने किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज रेजा ने फोटोग्राफरों को शालीनता और संयम से अपना कार्य करने के लिए उनको जागरूक कर उनको अपने अनुभव से अवगत कराया। अंत में लक्ष्मी नारायण लहरिया कार्यवाहक अध्यक्ष द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कोषाध्यक्ष अशोक सरवरिया ने समस्त अतिथियों का स्वागत किया एवं संगठन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर जे.के. गुप्ता, संजय जायसवाल,विक्रम गोस्वामी, मनीष गिरी, महेश विमल,अजय नामदेव, आनंद ठाकुर, प्रदीप नामदेव, डी.के.आर्य, हरि अग्रवाल, अनु साहू, हरीश बर्मा, हेमंत ठाकुर, पवन साहू, धर्मेंद्र वर्मा, दिलीप साहू, माजिद अली, आशिक राजा, ऋषभ गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## उमेश चंद्र राजपूत का फुल माला पहना कर स्वागत किया



क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- उमेश चंद्र राजपूत का फुल माला पहना कर स्वागत किया श्री मती सत्याबहन पूर्व सांसद के निवास लालपुर हाऊस गांधी मार्केट एटा पर उमेश चंद्र राजपूत जी( निवासी बढ़ोली मिरहची ) को निशक्तजन कांग्रेस कमेटी एटा का जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर हार्दिक शुभकामनाये एवं बहुत बहुत बधाई दी,एवं फुल माला पहना कर स्वागत किया ओर एक दूसरे को मिठाई खिलाई। स्वागत करने वालो मे ठाकुर अनिल सोलंकी कार्यवाहक जिला अध्यक्ष, सुभाष सागर एडवोकेट पूर्व सभासद,देवेंद्र प्रताप सिंह राजपूत एडवोकेट ,दिनेश सागर, माधवेन्द्र यादव, अमित कुमार ,अनार सिंह आदि।

## घर में बंधक बनाकर चप्पल से की पिटाई, वीडियो बनाकर किया वायरल, आहत युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी



सिंगरौली- बरगवा थानाक्षेत्र के कनई गांव से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां कनई निवासी 21 वर्षीय युवक निलेश पाण्डेय पिता मनिलाल पांडेय ने शनिवार को अपने ही घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची बरगवा पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया है।

परिजनों ने डगा निवासी एक महिला पर गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। परिजनों ने बताया कि डगा गांव निवासी महिला ने मेरे लड़के को बंधक बनाकर चप्पल से मारा और पूरे मारपीट का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया है।जिससे आहत होकर मेरे लड़के ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। हालांकि आत्महत्या का मुख्य कारण क्या है यह तो जांच के बाद ही पता चल सकेगा।

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत घर से रुठ कर निकले 07 वर्षीय बालक को उसके परिजनों से मिलाया



क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- थाना जलेसर पुलिस द्वारा ꖴऑपरेशन मुस्कानꖴ के तहत घर से रुठ कर निकले 07 वर्षीय बालक को उसके परिजनों से मिलाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में थाना जलेसर पुलिस द्वारा घर से रुठ कर निकले 07 वर्षीय बालक को ꖴऑपरेशन मुस्कानꖴ के तहत उसके परिजनों से मिलाया गया। दिनांक 19.08.2023 को थाना जलेसर क्षेत्रान्तर्गत कस्बा जलेसर में रात्रि पैदल गश्त के दौरान एक 07 वर्षीय बालक मिला। स्थानीय पुलिस द्वारा बच्चे से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम फैजान पुत्र आरिफ निवासी काशी राम कॉलोनी बताया। वह दिनांक 19.08.2023 को शाम 05.00 बजे अपने घर से नाराज होकर बस में बैठकर जलेसर चला आया था। जिस पर जलेसर पुलिस द्वारा बच्चे द्वारा बताये गये पते पर सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से सम्पर्क कर, बालक के परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया,

बालक को सकुशल पाकर परिजनों द्वारा एटा पुलिस को धन्यवाद देते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

## बेसिक शिक्षा समिति पीलीभीत की बैठक सम्पन्न

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार गुप्ता



पीलीभीत। रविवार को बेसिक शिक्षा समिति की विशेष बैठक रैन बो स्कूल बरखेड़ा पीलीभीत में आयोजित की गई ।बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष देवेन्द्र कुमार पाठक ने दीप प्रज्वलित कर किया। समिति के विस्तार के लिए मुकेश कुमार मौर्य को न्याय पंचायत चायत प्रभारी जोगीठेर का प्रस्ताव पारित किया गया ।सभी स्कूल संचालकों के विचार भी बैठक के दौरान जाने गये ।तथा किसी की कोई छोटी -बड़ी समस्या का निराकरण कराने पर भी चर्चा हुई।

बैठक में देवेन्द्र कुमार पाठक, मुकेश कुमार मौर्य, आदि ने विद्यालय संबंधी समस्याओं पर विचार विमर्श कर उनका समाधान पर एकत्र होकर ज्ञापन देने का सुझाव दिया। ज़िला प्रभारी भूपेंद्र कुमार शर्मा ने समिति का परिचय, अब तक किए गए कार्यों के विषय में प्रकाश डालते हुए कहा आपसी मतभेद भुलाकर सभी विद्यालय प्रबंधन को एक जुट होकर एक मंच पर आकर अपनी एकता दिखाने का समय है अन्यथा अभिभावक, शासन, प्रशासन द्वारा नई नई समस्याएं उत्पन्न होती रहेंगी साथ ही कहा की अति शीघ्र एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री जी को दिया जाएगा जिसमें कक्षा एन0सी 0 के0जी0 की मान्यता, सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत पठित विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक ,वेश, मध्यांतर भोजन,पूर्व की भांति छात्रवृति के साथ शिक्षको व कर्मचारी के मानदेय आदि की सुविधा सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों को प्रदान की जाए जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर उपस्थित सभी सदस्यों ने ज़िला प्रभारी द्वारा दिए बिंदुओं का समर्थन कर अतिशीघ्र ज्ञापन देने के लिए तिथि घोषित करने को कहा जिस पर ज़िला प्रभारी ने कहा कि इस निमित अति शीघ्र प्रदेश व ज़िला कार्यकारिणी से विचार विमर्श कर ग्रुप में सूचना प्रेषित की जायेगी। सभी को तैयार रहना होगा। अंत में के0एस0जी0 विद्यालय जिरोनिया के प्रबंधक प्रेम शंकर की पूज्य पिता का स्वर्ग वास हो जाने के कारण मौन धारण कर मृतक आत्मा की शान्ति की प्रार्थना करते हुए बैठक का समापन किया गया।

## खेत की मेढ काटने की शिकायत पर दबंगों ने दलित महिला को घर में घुसकर पीटा

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रदीप कुमार गुप्ता

रिठौरा। खेत की मेढ काटने की शिकायत पर दबंगों ने दलित महिला को घर में घुसकर पीटा ,नवाबगंज थाने की पुलिस ने नहीं लिखी रिपोर्ट। बरेली/ रिठौरा खेत की मेढ. काटने की शिकायत एक दलित महिला को भारी पड़ गई ।दबंग ने अपने परिवार वालों के साथ मिलकर उसको, उसके पति व उसके बेटे को घर में घुसकर मारा पीटा ,जाति सूचक गालियां दीं तथा उसके पति को चाकू मार कर घायल कर दिया ।घटना की शिकायत थाना पुलिस से की लेकिन पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पीड़िता ने मामले की शिकायत अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन बरेली से की है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नवादा इकरामुल्ला निवासी प्रेमवती पत्नी मनोहर लाल जाटव ने आरोप लगाया है कि 15 जुलाई को वहअपने खेत पर गई थी तभी उसके खेत की मेढ. उसके गांव के दबंग व्यक्ति ने काट ली। जब उसने मेढ.काटने की शिकायत की तब उसे दबंग ने पहले खेत पर मारा पीटा

तथा जाति सूचक गलियां दी। पीड़ित महिला ने अपर पुलिस महानिदेशक को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि जब वह खेत से अपने घर आ गई तब कुछ समय बाद दबंग व्यक्ति भूपेंद्र गंगवार ने अपने परिवार वालों के साथ मिलकर लाठी डंडा और चाकू से उसके घर में घुसकर हमला कर दिया और उसके पति व उसके बेटे को तथा पीड़ित महिला को घर के अंदर ही जमकर मारा पीटा , जाति सूचक गलियां बकीं, जान से मार डालने की धमकी दी। पीड़ित दलित महिला का आरोप है कि दबंग ने घूंसे व चाकू मार कर उसके पति को घायल कर दिया जिससे पीड़ित महिला के पति के गंभीर चोट लगी है। उसके पति का नवाबगंज के सामुदायिक चिकित्सा केंद्र पर तथा जिला अस्पताल बरेली में मेडिकल भी हुआ है जिसमें गंभीर चोटों का अंकन है उसके बावजूद भी थाना नवाबगंज पुलिस ने पीड़ित महिला की रिपोर्ट दर्ज नहीं ।पीड़ित दलित महिला सीओ नवाबगंज से लेकर पुलिस के उच्च अधिकारियों को कई बार लिखित में प्रार्थना पत्र दे चुकी हैपरंतु उसका मुकदमा दर्ज नहीं किया जा रहा है। पीड़ित दलित महिलाअपने पति के साथ अपर पुलिस महानिदेशक से दो बार मिल चुकी है।

## ब्लड डोनेट कर हिंदू मुस्लिम एकता की गई मिशाल पेश



क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- एटा में दिखाई दिया हिन्दू मुस्लिम एकता का मानवीय चेहरा, ब्लड डोनेट कर हिंदू मुस्लिम एकता की गई मिशाल पेश। गंभीर हालत एटा मेडिकल कॉलेज में भर्ती मुस्लिम महिला को क्षेत्रीय कार्यसमिति भारतीय जनता युवा मोर्चा के कुशल खितौलिया ने ब्लड देकर महिला की की मदद। बीमार महिला के परिजनों ने क्षेत्र कार्यसमिति भारतीय जनता युवा मोर्चा की कुशल खितोलिया का जताया बहुत आभार। ओ पॉजिटिव ब्लड देकर एटा की गंगा जमुनी तहजीब के तहत महिला की की गई मदद। एटा ब्लड बैंक मै ओ पॉजिटिव ब्लड ना होने के कारण ब्लड बैंक की ब्लड डोनेट सूची से कॉल करके बुलाया गया था क्षेत्रीय कार्यसमिति भारतीय जनता युवा मोर्चा के कुशल खितौलिया को। ब्लड डोनेट करने के बाद कुशल खितौलिया ने कहा कि हम लोगों के जाती धर्म अलग हैं लेकिन इंसान तो एक ही है, और ब्लड हम सब लोगों का आपस में मिलता जुलता है, इसलिए एक दूसरे की मदद हमेशा करनी चाहिए जिससे कि समाज में एक अच्छा संन्देश जा सके। एटा शहर में क्षेत्रीय कार्य समिति भारतीय जनता युवा मोर्चा कुशल खितौलिया समाजसेवी के नाम से काफी है मशहूर।

## 51लीटर जल लेकर पीलीभीत जा रहे जत्थे का किया सम्मान

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार गुप्ता

रिठौरा। पीलीभीत के कांविड़यों का जत्था कछला घाट से 51लीटर जल लेकर पीलीभीत लौटते समय रविवार को नगर में जोरदार स्वागत-सम्मान किया गया ।इस मौके पर अजय कुमार गुप्ता, सचिन गुप्ता भोले सत्यम,l शिव, सूरज, शिवा,त्रिस,ओमकार, सहित तमाम भोलेनाथ के भक्त मौजूद रहे।



# लुधियाना फोटो जर्नलिस्ट एसोसिएशन की वन थाउजेंड वर्ड्स फोटो प्रदर्शनी का समापन




क्यूँ न लिखूँ सच
सत पाल सोनी

लुधियाना – विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर कल शुरू हुई लुधियाना फोटो जर्नलिस्ट एसोसिएशन की दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी आज देर शाम समाप्त हो गई। इस दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में कला प्रेमी शामिल हुए। प्रदर्शनी के आखिरी दिन ओसवाल ग्रुप के चेयरमैन आदिश ओसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि डीसीपी सौम्या मिश्रा, एडीसीपी सुभम अग्रवाल, डिप्टी डायरेक्टर इनकम टैक्स विकास कनिचर विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए।

इनके अलावा विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल, कुलवंत सिंह सिद्धू, राखी ओसवाल भी फोटो जर्नलिस्टों का हौसला बढ़ाने पहुंचे। कल से शुरू हुई इस फोटो प्रदर्शनी में 22 जर्नलिस्ट की 44 फोटो प्रदर्शित की गईं। डीसीपी मिश्रा ने कहा कि ऐसी तस्वीरों ने बचपन और पढ़ाई के दौरान उनकी निबंध लिखने की कला को ताज़ा कर दिया. हर तस्वीर एक अलग कहानी कहती नजर आ रही थी। आदिश ओसवाल ने कहा कि इन तस्वीरों के जरिए जिंदगी का हर रंग दिखता है छूने की कोशिश की गई है ये सिर्फ तस्वीरें नहीं हैं बल्कि इनके पीछे हजारों शब्दों की कहानियां छिपी हुई हैं। उन्होंने सभी फोटो पत्रकारों को अच्छी फोटो प्रदर्शनी लगाने के लिए बधाई दी और आशा व्यक्त की कि वे भविष्य में भी अपनी तस्वीरों के माध्यम से सामाजिक घटनाओं पर पैनी नजर बनाए रखेंगे। जिले के विधायक श्री सिद्धू और श्री ग्रेवाल ने कहा कि फोटो जर्नलिस्ट एक दर्पण की तरह काम करते हैं जो समाज में हो रही अच्छी और बुरी चीजों को उजागर करता है। उन्होंने विश्व फोटोग्राफी दिवस पर उत्कृष्ट फोटो प्रदर्शनी के लिए सभी फोटो पत्रकारों को बधाई दी और उन्हें हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पर हम से विछड़ चुके तीन फोटो जर्नलिस्ट आदित्य जेटली, रवि कनौजिया और नील कमल सोनू को भी श्रद्धा के फूल भेंट किए गए। एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्वनी धीमान, महासचिव नील कमल शर्मा और वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश मोदगिल ने सफल फोटो प्रदर्शनी के लिए सभी कला प्रेमियों, फोटो पत्रकारों और गणमान्य व्यक्तियों को धन्यवाद दिया और अगले वर्ष बेहतर प्रदर्शन करने का वादा किया।

# बिजली उपभोक्ताओं के काम प्राथमिकता के आधार पर हों, उपभोक्ताओं को कोई परेशानी न हो



क्यूँ न लिखूँ सच
सत पाल सोनी

लुधियाना – पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के डायरेक्टर मैनेजर जसबीर सिंह ढिल्लों ने कहा है कि पंजाब में बिजली उपभोक्ताओं के काम प्राथमिकता के आधार पर होने चाहिए, बिजली उपभोक्ताओं को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। प्रबंधन निदेशक जसबीर सिंह ढिल्लों ने सेंट्रल जोन चीफ इंजी. इंद्रपाल सिंह, चीफ इंजीनियर पीएंडएम इंजी. पूनरदीप सिंह बराड़, चीफ इंजीनियर स्टोर्स एंड वर्कशॉप, इंजी- अरविंदरजीत सिंह बोपाराय, लुधियाना में एक्सियन्स और पावरकॉम के विभिन्न कार्यालयों के पावरकॉम सुपरवाइजिंग इंजीनियरों और कर्मचारियों के साथ एक विशेष बैठक के दौरान कहा। उन्होंने कहा कि पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड एक वाणिज्यिक उद्यम है और वाणिज्यिक उद्यम उपभोक्ताओं पर निर्भर है, इसलिए जब भी कोई उपभोक्ता पावरकॉम के कार्यालय में आता है, तो उसका काम बिना किसी कठिनाई के किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि व्यवसायिक प्रतिष्ठान का राजस्व उपभोक्ता पर निर्भर करता है. इसलिए पंजाब के बिजली उपभोक्ता पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। इस मौके पर पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के पदाधिकारियों, अधिकारियों व कर्मचारियों ने निदेशक प्रबंधन को आश्वासन दिया कि उनके द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन किया जायेगा।

# प्राइवेट पैथोलॉजी में आए तीन डेंगू पॉजिटिव



क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- जनपद में अलग-अलग पैथोलॉजी में हुई रैपिड कार्ड से जांच में तीन बुखार रोगी डेंगू पॉजिटिव निकले हैं। जांच रिपोर्ट यूडीएसपी पोर्टल पर आने के बाद विभाग तीनों की डेंगू एलाइजा जांच कराएगा। प्रभारी जिला मलेरिया अधिकारी लोकमन सिंह ने बताया कि 12 अगस्त को ब्लॉक सकीट क्षेत्र के गांव नगला अगर निवासी 19 वर्षीय अंशुल पुत्र हरिकेश की सकीट स्थित प्राइवेट पैथोलॉजी में रैपिड कार्ड से डेंगू जांच हुई। इसमें वह पॉजिटिव आया है, सूचना पैथोलॉजी ने यूडीएसपी पोर्टल पर दी है। मोहल्ला शांतिनगर निवासी 23 वर्षीय प्रशांत गर्ग की बिसारिया पैथोलॉजी, ब्लॉक निधौलीकलां क्षेत्र के गांव गदुआ निवासी 6 वर्षीय तनु पुत्री राहुल यादव जांच में डेंगू पॉजिटिव निकली है। पांच स्थानों पर स्वास्थ्य टीमों को भेजा गया। पांच स्थानों पर 151 बीमार मिले। इसमें 84 की मलेरिया जांच, 20 की कार्ड से डेंगू जांच की गई। जांच में 22 संभावित डेंगू रोगियों की एलाइजा जांच को सेम्पल मेडिकल कालेज भेजे गये हैं।

# प्रताप कालिज में शहीदों की याद में छिपन तो पहिला नाटक करवाया



क्यूँ न लिखूँ सच
सत पाल सोनी

लुधियाना – प्रताप कालिज में शहीदों की याद में उनको समर्पित नाटक ꠹छिपन तो पहिला꠹करवाया गया ।हॉल में बैठे हर व्यक्ति की ऑख नम थी,अंत में सभी नें खड़े होकर और तालियों की गूँज नें बताया कि यह नाटक सभी के दिलों को छू गया। इस सफल प्रयास के लिये नाटक के निर्देशक प्रदीप शर्मा ,सह निर्देशक बेनू सतीश कॉत ,सह निर्देशक शुभंम अनमोल सूद को तथा सभी कलाकारों को इस सफल मंचन के लिये बधाई दी और कहा कि ऐसे प्रेरणादायक मंचन होते रहने चाहिये । इसमें लगभग 20 कलाकारों नें भाग लिया जिसमें दो बाल कलाकार थे। अंत में सभी को प्रशंसा के रूप में मोमेटो व सर्टिफिकेट बॉटे गये।निर्देशक प्रदीप शर्मा ने एक सफल मंचन के लिये सभी को बधाई व शुभकामनायें दी।

# परीक्षा में कम नंबर आने की टेंशन में छात्रा ने लगाई फांसी परिवार में हाहाकार मचा

क्यूँ न लिखूँ सच
हारून बख्श



फर्रुखाबाद -परीक्षा में कम नंबर आने की टेंशन में छात्रा शैलजा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली कोतवाली मोहम्दाबाद के ग्राम सकबाई निवासी रामकिशोर दुबे की पत्नी शैलजा ने दोपहर 2 आवाज देकर 15 वर्षीय बेटी शैलजा को कमरे से बाहर आने को कहा शैलजा का कोई जवाब न मिलने पर बंदना बेटी को देखने कमरे में गयी। वह बेटी को पंखा पर दुपट्टे के सहारे फांसी में लटका देख कर भौक्की रह गई जानकारी मिलते ही परिवार में हाहाकार मच गया शैलजा को फांसी से उतारकर अस्पताल ले जाया जा रहा था रास्ते में खाटू श्याम मंदिर के निकट उसकी मौत हो गई शैलजा पीडी इंटर कॉलेज मैं कक्षा 11 में पढ़ती थी परीक्षा में कम नंबर आने के कारण वह टेंशन में रहती थी शैलजा चार भाई बहनों में सबसे बड़ी थी सीओ अरुण कुमार ने मामले की जांच पड़ताल की उप निरीक्षक सुनील कुमार सिसोदिया ने शैलजा का पंचनामा भर शव परिजनों को सौंप दिया शैलजा के पिता राम किशोर दुबे, दुबे कोल्ड स्टोरेज में नौकरी करते हैं। बेटी की मौत पर मां वंदना एवं पिता आदि परिजन बिलखते रहे परीक्षा में कम नंबर आने की टेंशन में छात्रा शैलजा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली कोतवाली मोहम्दाबाद के ग्राम सकबाई निवासी रामकिशोर दुबे की पत्नी शैलजा ने दोपहर 2 आवाज देकर 15 वर्षीय बेटी शैलजा को कमरे से बाहर आने को कहा। शैलजा का कोई जवाब न मिलने पर बंदना बेटी को देखने कमरे में गयी। वह बेटी को पंखा पर दुपट्टे के सहारे फांसी में लटका देख कर भौक्की रह गई जानकारी मिलते ही परिवार में हाहाकार मच गया। शैलजा को फांसी से उतारकर अस्पताल ले जाया जा रहा था रास्ते में खाटू श्याम मंदिर के निकट उसकी मौत हो गई शैलजा पीडी इंटर कॉलेज मैं कक्षा 11 में पढ़ती थी परीक्षा में कम नंबर आने के कारण वह टेंशन में रहती थी। शैलजा चार भाई बहनों में सबसे बड़ी थी सीओ अरुण कुमार ने मामले की जांच पड़ताल की उप निरीक्षक सुनील कुमार सिसोदिया ने शैलजा का पंचनामा भर शव परिजनों को सौंप दिया शैलजा के पिता राम किशोर दुबे दुबे कोल्ड स्टोरेज में नौकरी करते हैं बेटी की मौत पर मां वंदना एवं पिता आदि परिजन बिलखते

# 03 अभियुक्तों को अवैध असलहा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त लाठी सहित पकड़े



क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- थाना राजा का रामपुर पुलिस को मिली सफलता,थाना राजा का रामपुर पुलिस द्वारा ड्यूटी के दौरान पुलिस टीम के ऊपर जानलेवा हमला व कार्य सरकार में वाधा पहुचाने के मामले में वांछित चल रहे 03 अभियुक्तों को अवैध असलहा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त लाठी सहित किया गया गिरफ्तार । जनपद में सुदृढ कानून व्यवस्था बनाए रखने के परिदृश्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री राजेश कुमार सिंह के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री धनन्जय सिंह कुशवाहा के निकट पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी अलीगंज श्री शुधांशु शेखर के कुशल नेतृत्व में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना राजा का रामपुर पुलिस द्वारा थाना राजा का रामपुर पर पंजीकृत मुअसं-103/23 धारा 147, 148,149 ,307,353, 352,332,336,323, 225,504,506,34 भादवि0 में वांछित चल रहे 03 अभियुक्तों 1.सुनील उर्फ सोनू पुत्र जदुनाथ,2.प्रदीप उर्फ टिंकू पुत्र जदुनाथ,3.शिवरतन पुत्र लालमन निवासीगण खैरपुरा थाना राजा का रामपुर जनपद एटा को अवैध असलहा कारतूस सहित आज दिनांक 20.08.2023 को खेरपुरा मोड़ थाना राजा का रामपुर जनपद एटा से गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थानास्तर से आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता- 1.सुनील उर्फ सोनू पुत्र जदुनाथ 2.प्रदीप उर्फ टिंकू पुत्र जदुनाथ 3.शिवरतन पुत्र लालमन निवासीगण खैरपुरा थाना राजा का रामपुर जनपद एटा। बरामदगी- एक अवैध तमंचा व 02 जिंदा कारतूस 12 बोर ( अभियुक्त सुनील उर्फ सोनू से ) एक अवैध तमंचा व 02 जिंदा कारतूस 315 बोर( अभियुक्त प्रदीप उर्फ टिंकू से ) एक लाठी घटना में प्रयुक्त ( अभियुक्त शिवरतन से ) गिरफ्तार करने वाला पुलिस बल- उ0नि0 श्री कर्ण सिंह उ0नि0 श्री वीरपाल सिंह मुख्य आरक्षी सेराज खां आरक्षी दिनेश कुमार आरक्षी शुभम शाक्य आरक्षी संदीप कुमार

ताज़ा खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSLIVE.COM

# भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी का जन्मदिन जिला कांग्रेस कार्यालय पर मनाया

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा- भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी का जन्मदिन जिला कांग्रेस कार्यालय धान मिल वाली गली एटा पर मनाया गया इस अवसर पर एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता गंगा सहाय लोधी जिला अध्यक्ष ने की तथा संचालन अनिल सोलंकी कार्यवाहक अध्यक्ष ने किया संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सचिव प्रभारी एटा श्री मुनेंद्र पाल सिंह राजपूत जी उपस्थित रहे राजीव गांधी जी के बारे में बताते हुए

प्रदेश सचिव प्रभारी एटा श्री मुनेंद्र पाल सिंह राजपूत ने कहा भूतपूर्व प्रधानमंत्री जीने 40 वर्ष की आयु में देश के प्रधानमंत्री बने तथा सर्वप्रथम दूरसंचार क्रांति को जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया एवं 21 वर्ष मतदान के लिए घटाकर 18 वर्ष की जिससे कि देश की व्यवस्था युवाओं के हाथों में हो फौजी भाइयों के लिए किसान भाइयों के लिए मजदूर भाइयों के लिए प्रत्येक के हाथ में संचार क्रांति का अभियान छेड़ा उनका सपना था के हर घर हर गांव में बिजली पानी संचार क्रांति का लाभ मिले जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गंगा सहाय लोधी, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष अनिल सोलंकी ने कहा यह भारत में पहली बार देश का युवा प्रधानमंत्री मिला जिसने सर्वप्रथम युवाओं को मताधिकार करने के लिए उम्र सीमा में संशोधन किया तथा उन्होंने कहा देश में भ्रष्टाचार जड़े बहुत मजबूत हो चुकी हैं इन से निजात के लिए तपस्या की आवश्यकता है देश में जब तक उच्च स्तर तक की शिक्षा प्रत्येक नागरिक को नहीं मिलेगी तब तक देश का विकास नहीं हो सकता अत: देश में निशुल्क शिक्षा निशुल्क स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की व्यवस्था अपने कार्यकाल में की उन्होंने देश में विभिन्न प्रकार की योजनाओं को लागू किया तथा देश को आगे बढ़ाने का पूरा प्रयास किया कार्यक्रम में उपस्थित श्री इरफान एडवोकेट पीसीसी, अनिल सोलंकी कार्य वाहक अध्यक्ष ,संदीप प्रतिहार स्टेट कोऑर्डिनेटर सोशल मीडिया, अरुणेश गुप्ता सेवादल, दिनेश कुमार यादव, राजेंद्र सिंह यादव जिला अध्यक्ष पिछड़ा विभाग वसीम सलमानी जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ तसव्वर जिला अध्यक्ष सोशल मीडिया हर्षवर्धन एडवोकेट प्रवक्ता मुकेश बघेल सुरेंद्र सविता शहर अध्यक्ष पिछड़ा प्रकोष्ठ विकास गौतम जिला महासचिव सुभाष सागर पूर्व सभासद संजीव गुप्ता अब्दुल हबीब, आदि लोग उपस्थित हुए

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
OWN STATE
www.knlslive.com
21 August 2023


# सुपरस्टार रजनीकांत ने रामलला के दरबार में लगाई हाजिरी, मंदिर निर्माण को देखकर भावुक हो गए



दक्षिण भारत की फिल्मों के सुपरस्टार रजनीकांत रविवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले हनुमंतलला के दरबार में हाजिरी लगाई। यहां महंत ज्ञानदास के शिष्य पुजारी हेमंत दास ने रजनीकांत का अभिनदंन किया। रजनीकांत ने हनुमान जी के चरणों में माथा नवाया और आरती उतारी। पुजारियों ने सुपरस्टार को महावीरी लगाई। यहां से रजनीकांत सीधे रामजन्मभूमि परिसर पहुंचे और रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। गर्भगृह के सम्मुख आते ही उनके नेत्र सजल हो उठे। वे भावविभोर नजर आ रहे थे। पुजारियों ने उन्हें चरणामृत दिया। वे करीब पांच मिनट तक रामलला की दिव्य छवि को अपलक निहारते रहे। यहां पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने मंदिर निर्माण के लिए चल रहे कार्यों को भी देखा।श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ़ अनिल मिश्र व बिमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र ने रजनीकांत का अभिनंदन करते हुए मंदिर निर्माण की जानकारी दी। वे मंदिर की भव्यता देखकर निहाल हो उठे। रामजन्मभूमि परिसर में रजनीकांत की पत्नी लता भक्तिभाव में डूबी नजर आईं। इससे पहले दोपहर तीन बजे रजनीकांत लखनऊ से अयोध्या पहुंचे। सुपर स्टार रजनीकांत ने शनिवार को सीएम योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मुलाकात की थी। इस दौरान मंडलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, एसपी सुरक्षा पंकज पांडेय सहित अन्य मौजूद रहे।हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के दौरान फिल्म अभिनेता रजनीकांत।अयोध्या में मंदिर निर्माण प्रारंभ होने के बाद दर्शनार्थियों की संख्या बढ़ती जा रही है। फिल्म से जुड़े लोग हों या आमजन सभी रामलला के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं।रजनीकांत के अयोध्या आगमन पर राम जन्मभूमि के पुजारियों ने भी खुशी जाहिर की है।रजनीकांत के साथ उनकी पत्नी भी मौजूद थीं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# मैनपुरी पहुंचे स्वामी प्रसाद मौर्य: बोले- हिटलरशाही के रास्ते पर चल रही सरकार, लोग महंगाई-बेरोजगारी से परेशान



उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में रविवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार हिटलरशाही के रास्ते पर चल रही है। केंद्र और प्रदेश सरकार बेरोजगारी, महंगाई के मुद्दों से हटकर काम कर रही है। जबकि, लोग महंगाई और बेरोजगारी से सबसे ज्यादा परेशान है। वह कार्यकर्ता सम्मेलन में फिरोजाबाद जा रहे थे। रास्ते में नौरमई के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। मैनपुरी में स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि सरकार हिटलरशाही के रास्ते पर चल रही है। दूसरी तरफ लोग महंगाई और बेरोजगारी से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों को महत्व देना चाहिए। जनता सर्वोपरि है। हमें जनता के मुद्दों को महत्व देना चाहिए। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में हिटलरशाही तरीके से लोकतंत्र को कुचलकर शासन करना संभव नहीं है। सरकार जब रहती है तो सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग कर जनता को जुटाया जा सकता है। रैली में भीड़ से हार जीत का मानक तय नहीं किया जा सकता है।कहा कि भाजपा सरकार ने छोटे बच्चे की खाने पीने से लेकर किताब कापी पर जीएसटी लगा दिया है। जनता इस सरकार से परेशान हो चुकी है। भाजपा सरकार जनता के प्रति कोई जवाबदेही नहीं समझती बल्कि उद्योगपतियों के प्रति खुद को जवाब देह समझती है। सरकार केवल अपने उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाना चाहती है। जिस प्रकार ईस्ट इंडिया कंपनी देश का पैसा लूट कर इंग्लैंड भेजती थी, उसी प्रकार से भाजपा अपने उद्योगपति मित्रों को फायदा पहुंचाकर विदेश भेजने का काम कर रही है। कहा कि युवा पहले से ही बेरोजगारी का शिकार हो चुका है। ऊपर से इतनी अधिक महगाई है। युवा भाजपा के चरित्र को समझ चुका है। अब भाजपा का कोई दांव चलने वाला नहीं है। आने वाले हर चुनाव में जनता भाजपा को जवाब देगी। श्रेयांश शाक्य, जितेंद्र कुशवाहा अनिल कुमार सोनू कुशवाहा सुधीर यादव, जयप्रकाश शाक्य, बलवीर सविता, राधामोहन बघेल मौजूद रहे।

# पीलीभीत मे अधीनस्थ कृषि सेवा संघ शाखा का द्विवार्षिक अधिवेशन/चुनाव सम्पन्न हुआ




क्यूँ न लिखूँ सच
सुमित गुप्ता

पीलीभीत कृषि भवन में अधीनस्थ कृषि सेवा संघ शाखा का द्विवार्षिक अधिवेशन एव चुनाव सम्पन्न हुआ, जिसमें अध्यक्ष संजीव कुमार पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वेद प्रकाश, जिलामंत्री दिलीप कुमार, कोषाध्यक्ष गौरव दीक्षित, संगठन मंत्री राजेश पांडे निर्वाचित घोषित हुए, सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद की गोपनीयता की शपथ प्रान्तीय अध्यक्ष राधा रमण मिश्र ने दिलायी, कार्यक्रम में चुनाव अधिकारी फईम अख्तर, राजेंद्र कुमार, सदाकत उल्ला खान तीनो निर्वाचन अधिकारी द्वारा चुनाव सम्पन्न कराया गया. चुनाव कार्यक्रम में प्रान्तीय अध्यक्ष राधा रमण मिश्र, प्रान्तीय कोषाध्यक्ष फईम अख्तर, प्रान्तीय उपाध्यक्ष मुरारीलाल गंगवार, मंडल उपाध्यक्ष मुनेंद्र सैनी, व वीरेंद्र गंगवार शामिल हुए और सभी प्रान्तीय पदाधिकारियों ने अपना संबोधन दीया. पेंशनर्स एसोसिएशन से रवीन्द्र गंगवार, अर्जुन सिंह शामिल हुए निवर्तमान अध्यक्ष कृष्णपाल गंगवार ने सभी का आभार व्यक्त किया

# रिठौरा से 501बालिकाओं एवं पुरूषों की डाक-कांवड़ियों से गंगाजल लेने हुआ रवाना



क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा।नगर से रविवार को कछला घाट से गंगाजल लेने नगर से प्रथम वार 501 बालिकाओं एवं पुरूषों का जत्था गायत्री कश्यप के नेतृत्व में जत्थे को निवर्तमान चेयरमैन राकेश कुमार उर्फ आर के कश्यप,सभासद कमलेश गंगवार, वीरपाल कश्यप पूर्व सभासद पप्पू कश्यप समाजसेवी दिनेश भास्कर आदि ने झांण्डी दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर शिवभक्तों को विदा करने भारी तादाद में भक्तगण मौजूद रहे।

# घर में घुसे बदमाशों ने चाकू के बल पर परिवार को बनाया बंधक, एक घंटे में ही पुलिस ने सुरक्षित बचाया

वाराणसी से एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। चांदमारी क्षेत्र की वीडीए कॉलोनी स्थित एक फ्लैट में दो बदमाशों ने पूरे परिवार को बंधक बना लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक घंटे में ही परिवार को बंधन से मुक्त कराया। गिरफ्त में आए दोनों आरोपियों से पुलिस की पूछताछ की जा रही है। वाराणसी के चांदमारी क्षेत्र की वीडीए कॉलोनी में रविवार दोपहर सनसनीखेज घटना घटी। 10 लाख की फिरौती वसूलने आए दो बदमाशों ने घर में घुसकर दो साल की बच्ची के गले पर चाकू लगाकर पूरे परिवार को बंधक बना लिया। सूचना के बाद एक्शन में आई पुलिस ने पूरे इलाके को सील कर दिया। आननफानन मौके पर कई थानों की फोर्स पहुंची। फिल्मी अंदाज में घर में दाखिल होकर पुलिसकर्मियों ने किसी तरह से बदमाशों को काबू में किया और बच्ची को सलामत रखते हुए परिवार को बाहर निकाला।बदमाशों संग गुत्थमगुत्थी में एडीसीपी अतुल अंजान को भी चाकू लग गया। बदमाशों को पकड़कर पुलिस जब बहर निकली तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। घटना के कारण करीब एक घंटे तक लोगों की सांस हलक में अटकी रही। आरोपियों को पुलिस शिवपुर थाने ले गई।



## मुलाकात करने के बहाने घर में घुसे थे बदमाश

शिवपुर थाना के चांदमारी क्षेत्र की वीडीए कॉलोनी में एनटीपीसी के रिटायर्ड इंजीनियर भाईलाल का मकान है। रविवार दोपहर दो युवकों ने दरवाजे पर दस्तक दी। भाई लाल ने दरवाजा खोला तो कहा कि आपसे बात करनी है। इसके बाद दोनों ने घर का प्रवेश द्वार बंद कर दिया और 10 लाख रुपये की फिरौत मांगी। चाकू दिखाकर उनकी पोती मैत्री और बहू सोनी को बंधक बना लिया। नहीं देने पर जान मारने की धमकी दी। बच्ची और उसकी मां को एक कमरे में बंद कर दिया। इधर, मकान में घुसकर परिवार को बंधक बनाने की सूचना पड़ोसियों ने पुलिस को दी। सूचना पाकर डीसीपी अमित कुमार शिवपुर थाना सहित आसपास के अन्य तीन थानों की फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। देखते ही घर के बाहर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया। घर के बाहर से भीड़ को हटाकर किसी तरह पुलिस की एक टीम मकान में दाखिल हुई। गुत्थमगुत्थी के बाद पुलिस ने बदमाशों को धर दबोचा। दोनों बदमाशों की उम्र 20 वर्ष से कम है। दोनों इसी कॉलोनी के रहने वाले हैं। घटना में सुरक्षित बचे एनटीपीसी के इंजीनियर भाईलाल और उनकी बहू के चेहरे पर दहशत साफ नजर आ रही थी। स्थानीय लोगों ने पुलिस की सराहना की। मौके पर पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन भी पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली।



# जिला कारागार फतेहगढ़ में हरियाली तीज का उत्सव बडे धूम धाम से मनाया गया

क्यूँ न लिखूँ सच
हारून बख्श

फर्रुखाबाद - फर्रुखाबाद जिला मुख्यालय स्थित जिला कारागार फतेहगढ़ में हरियाली तीज के अवसर पर जिला कारागार फतेहगढ़ की नारी बंदी वास ( महिला जेल ) में हरियाली तीज का उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया । महिलाओं ने गीत आनंद गा कर उत्सव मनाया । उत्सव में कल्पना मुकुंद, सुमन राठौर, सदस्य, किशोर न्याय बोर्ड , अंजू अखिलेश, कुसुम गंगवार, खुशबू , कृष्ण कुमारी उपजेलर , सरोज देवी उपजेलर , जेल वार्डर प्रियंका, रोहिणी, नगमा , जोली, मनीषा, सियादुलारी ने कारागार परिवार की ओर



से भाग लिया । श्रीमती कल्पना मुकुंद द्वारा कारागार में महिला बंदियों के साथ रह चार बच्चों को कपड़े वितरित किए सभी महिला बंदियों को मिष्ठान और सुहाग का सामान हरियाली तीज का उत्सव मनाने के लिए हरी साड़ी मेहदी के कीप वितरित किए महिला बंदियों और कारागार परिवार की महिलाएं के बीच खेल प्रतियोगिता भी आयोजित की गई । जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद द्वारा इस संदर्भ में बताया की आज हरियाली तीज के उत्सव पर महिला बंदियों को घर जैसा माहौल देने के लिए कार्यक्रम कराया गया । कार्यक्रम में कारागार परिवार की महिलाओं एवम महिला बंदियों ने एक साथ सामूहिक सहभोज ( बड़ा खाना ) में एक साथ भोजन किया । कारागार परिवार की महिलाओं , महिला जेल वार्डरों ने ऐसा कार्यक्रम आयोजित करवाने के लिए कल्पना मुकुंद का धन्यवाद दिया । कार्यक्रम में अंजू अखिलेश ने महिलाएं के मध्य खेलकूद की रूपरेखा तैयार की गई । जिसको सभी बेहद पसंद किया ।

सभी व्यवस्थाएं में महिला उपकारापाल सरोजदेवी कृष्णा कुमारी का विशेष सहयोग रहा । विमलेश कुमारी और राधा का भी विशेष सहयोग रहा । कार्यक्रम में व्यवस्थाएं में कारापाल अखिलेश कुमार एवम उनकी पत्नी अंजू अखिलेश , राजेंद्र बाबू जेल वार्डर एवम उनकी पत्नी खुशबू , शिवम एंव उनकी ईशा का विशेष सहयोग रहा कुसुम गंगवार द्वारा गायन प्रस्तुत किया

# Your hair will turn white before the age of 30, if you want to avoid it, leave these habits immediately.

The problem of hair is being seen increasing rapidly in youth at an early age. A large number of people are troubled by the problem of hair loss or graying before the age of 30. Health experts say, there can be many reasons for such growing hair problems, ranging from lifestyle-



diet disturbances to environmental conditions. Health experts say that all people should keep making efforts to keep hair healthy on a daily basis. In a study done to understand the reasons for these problems increasing in youth, scientists found that many of our routine habits can affect the health of hair. But there can be negative effects in many ways. Smoking is one such habit, due to which the problem of graying of hair is increasing rapidly. Let us know in detail about its other risks. Why does hair turn white? Before knowing about the hair whitening factors, it is important to know why this whitening comes naturally? Health experts explain, our hair follicles contain pigment cells that make melanin, the chemical that gives our hair its color. As you age, these cells begin to die. Due to the lack of pigment, the new hair starts turning light colored or even white. Many of our lifestyle habits can affect these pigments. Problems caused by smoking: Researchers have found that people who smoke a lot, their hair turns gray faster than non-smokers. Research has found that smoking can shut down melanin production and hence lead to premature graying of hair. Apart from this, the toxins present in cigarette smoke can also disturb the hormonal balance in the body, it damages the hair follicles, due to which the problem of graying of hair can also occur. The condition is seen to be associated with hair problems. If you take more stress then it can not only lead to premature hair fall but it can also increase the problem of graying of hair at an early age. Studies show that stress can actually turn your hair gray. Researchers found that it can also be damaging to the hair color pigments.

# Do you also think Pani Puri is unhealthy, then you will be surprised to know its benefits

Pani Puri Benefits Apart from being delicious, Golgappas are also considered beneficial for health. Many types of nutrients are found in its water which are essential for health. Things like tamarind, mint, black salt, cumin etc. are used to prepare Golgappa water. Which enhances its taste and also strengthens the immune system. Tamarind rich in antioxidants is beneficial for the stomach. Golgappa water is prepared from nutrient-rich mint. Many types of nutrients are found in the water of Golgappa. Whenever the name of Pani Puri, Golgappa or Gupchup comes, the mouth starts watering. There will be very few people who do not like Pani Puri. Be it children or adults, everyone likes to eat pani puri. Pani puri is one of the most favorite street foods. Pani Puri carts are found in every street corner, many people avoid eating Panipuri keeping in mind their health. But today we are going to tell you the benefits of eating pani puri. Actually, some healthy things present in Pani Puri are considered very beneficial for health. So let's know what are those things. Tamarind - The most important thing in making Golgappa water is tamarind. It is very beneficial for health. Tamarind, rich in antioxidants, is beneficial for the stomach, its use keeps the digestive system strong and the food is digested quickly. Mint- Golgappa water is prepared from nutrient-rich mint. Consuming mint is very beneficial for health, problems related to the intestine are removed by its use. Along with this, immunity is also strengthened. Not only this, mint also reduces respiratory problems. Green Chilli- Green Chilli is used to make Golgappa water spicy. Rich in antioxidants, green chilies help in weight loss, as well as cure anemia. Black Salt- Specially black salt is used in its water. It has anti-inflammatory property which helps in reducing the swelling and pain of sprain. Apart from this, diseases related to the stomach also stay away. Cumin powder is also put in the water of cumin-golgappa. Iron is found in plenty in it. Its use is also beneficial for diabetes patients. Cumin improves digestion and also helps in lowering cholesterol.



# Cancer cases are increasing rapidly in youth, scientists told the main reason for this, you should also know

Cancer is one of the growing serious health problems globally, causing millions of deaths every year. Even though the treatment of cancer has become easier due to modern medical methods, however, its mortality is still a big risk. Health experts say, people of all ages and genders can get cancer. Due to many types of environmental problems along with lifestyle, the risk of this disease is seen to be increasing rapidly. In a recent report, health experts have alerted about the rapidly increasing cancer risk among those aged 40-50. A report on cancer risk studies has been released, in which scientists have expressed concern that people under the age of 50 are more likely to be diagnosed with cancer. From 2010 to 2019, cancer diagnosis rates have been reported to increase in this age group. The rate has increased from 100 to 103 per 100,000 people during nine years, indicating that the risk of this deadly disease among youth is increasing rapidly. Cancer risk among youth is on the rise - in JAMA Network Open According to published studies, this increase has been higher in cases of some types of cancer. Many types of environmental conditions along with lifestyle and dietary disturbances have been found to increase the risk of cancer, which health experts alert all people to avoid. Most cases of breast cancer are being seen in young women. Researchers have also said that the risk of cancer may be higher in women. The risk is higher in women – For this study, researchers included more than 5.60 lakh people. It found that women are more likely to be diagnosed with cancer, while there has been a 5% drop in cancer rates among men under the age of 50. Most of the cases are being seen in the age group of 30 to 39 years. One of the biggest concerns for young people with cancer is early detection, which can lead to a higher risk of cancer spread. Rise in Gastrointestinal Cancers – Study reports breast cancer affecting young population remains the most common type of cancer to affect, while gastrointestinal (GI) cancers have seen the largest increase. The rate of people with GI cancer (colon cancer and cancer of the appendix) has seen a 15% increase. Researchers say that while the rate of cancer is increasing among the youth, it is also seen decreasing in the older population. What do researchers say? The researchers say that, keeping in mind the kind of figures being seen, it is very important to understand the reasons for the increase of cancer in young people. If we don't understand what causes this risk and don't act to change it, there are fears that the global burden of deadly cancer could be enormous. Cancer has always been a big concern, the study reports that its risks have increased even more. It is not clear why cancer rates are increasing among young people, but scientists have suggested some possible reasons, such as obesity. Diabetes, alcohol and smoking, lack of sleep, sedentary lifestyle and pollution in the environment have been found to be major risk factors for it. Health experts say, all people need to be alert about the risks of cancer, if you already have risk factors or have a family history of cancer, then it becomes even more important to meet a doctor to know about preventive measures. Is.



